वर्ष- 21 अंक - 277 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 24 मार्च 2026

## अमेरिका के टेक्सास में तेल रिफाइनरी में भीषण आग

**टेक्सास.एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के पोर्ट आर्थर शहर में स्थित वैलेरो ऑयल रिफाइनरी में बड़ा धमाका हुआ, जिसके बाद वहां भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। यह विस्फोट एक हीटर में खराबी के कारण हुआ।

# युद्ध विराम के बाद भी हमले जारी

## ईरान ने कहा– गारंटी दो वरना... सिर के बदले सिर

### 9 अप्रैल तक खत्म हो जाएगा युद्ध, ट्रंप का सीक्रेट प्लान

**मंगलवार.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 5 दिन तक ईरान पर हमला न करने का ऐलान किया। इसके बावजूद ईरान और इजराइल एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। ट्रंप के ऐलान के बावजूद ईरान झुकने को तैयार नहीं है। ईरान ने कहा कि मुआवजा मिलने तक जंग जारी रहेगी। सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाने और अमेरिकी दखल न होने की मांग करते हुए ईरान ने इसकी गारंटी मांगी और कहा कि गारंटी न दी तो सिर के बदले सिर का खेल चलता रहेगा। इस बीच इजराइली मीडिया ने दावा किया कि ट्रंप ने 9 अप्रैल तक युद्ध खत्म करने का सीक्रेट प्लान बनाया है। उधर ईरान ने अमेरिका का शाहेद-क्लोन ड्रोन मार गिराने का दावा किया। जबकि इजराइल ने आपातकालीन चेतावनी जारी करते हुए देशवासियों से कहा कि ईरान की ओर से मांगी गई मिसाइलों का बड़ा जत्था इजराइल की ओर बढ़ रहा है।

### ट्रंप ने वॉर सेक्रेटरी पर फोड़ा ठीकरा

ट्रंप ने बताया कि अमेरिका के वॉर सेक्रेटरी ने युद्ध शुरू करने की सलाह दी थी। उधर यह भी खुलासा हुआ है कि इजराइली प्रधानमंत्री ने खामेनेई को मारने के लिए ट्रंप पर दबाव डाला था।

### युद्ध विराम में भारत का रोल

युद्ध विराम करवाने के लिए तुर्की, ओमान, सऊदी अरब और मिस्र के अलावा भारत ने भी कूटनीतिक दबाव डाला।



## उड़ान भरते ही गिरा विमान लगी आग, 66 सैनिकों की मौत

**कोलंबिया.एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के सुदूर दक्षिणी अमेजन क्षेत्र में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद 110 सैनिकों को ले जा रहा एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आसमान से गिरने के बाद विमान में आग लग गई। इस विमान में 110 सैनिक और 11 क्रू मेंबर्स सवार थे। अब तक 66 सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। जबकि 57 लोगों को जीवित बाहर निकाला गया है।

## युद्ध विराम के ऐलान से शेयर बाजार में उछाल, मुंह के बल गिरे सोना-चांदी

**मंगलवार.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध विराम के ऐलान से कच्चे तेल के भाव गिर गए। जबकि शेयर बाजार में आज उछाल आया। सेंसेक्स 1065 अंक की बढ़त के साथ 73761 पर खुला है और निफ्टी 336 अंक की तेजी के साथ 22849 पर ओपन हुआ है। इसी तरह चांदी 10500 रुपए गिरकर 214600 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। सोने के भाव में 2200 रुपए की गिरावट आई है। सोने का भाव अब 137050 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है।

## सोना-चांदी छोड़कर सिलेंडर ले उड़े चोर

**प्रयागराज.एजेंसी।** प्रयागराज के दारागंज में चोर घर में घुसे लेकिन गहनों को छोड़कर सिर्फ गैस सिलिंडर चोरी कर ले गए। परिवार ने दो दिन पहले ही सिलेंडर लाया था। इससे पहले बहरिया में भी ऐसी घटना हुई थी।

## आज भोजशाला पहुंचेंगे न्यायमूर्ति विजय शुक्ला

**इंदौर.सिटी ब्लास्ट।** धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला मंदिर है या मस्जिद, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला आज खुद मौके पर जाकर इसकी जांच करेंगे। वह दोपहर एक बजे धार पहुंचेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हाई कोर्ट इस मामले में दोबारा सुनवाई शुरू करने जा रहा है, जो दो अप्रैल से होगी।




प्रभु सेवा में
स्व. प्रवेश जी अग्रवाल
इन्दौर अग्रवाल समाज एवं
वैश्य समाज के गौरव
इन्दौर विधानसभा क्षेत्र क्र. 4 के प्रभारी
व्यापारियों की बुलंद आवाज़
शैलेष
गर्ग जी
को पुनः शहर कांग्रेस कमेटी में
कोषाध्यक्ष नियुक्त होने पर
हार्दिक शुभकामनायें
श्री शैलेष गर्ग
कोषाध्यक्ष - शहर कांग्रेस कमेटी, इन्दौर
प्रभारी - विधानसभा क्षेत्र क्र. 4
प्रिय भाई मिन्ना भाटिया को शहर कांग्रेस कमेटी में
उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई
महेश यादव
चिन्टु चौहान
पवन शर्मा
आशीष गोयल
सचिन सिलावट
प्रहलाद जिराती (पिवड़ाय)
मिन्ना भाटिया
उपाध्यक्ष-शहर कांग्रेस कमेटी, इन्दौर
बधाईकर्ता: प्रहलाद जिराती (पिवड़ाय), शैलेष गर्ग फ्रेण्ड्स क्लब

# कांग्रेस करा रही है कि गांधी भवन के नीचे आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सहप्रभारी रणविजय सिंह सहित अन्य जिम्मेदारों की मौजूदगी में आज शहर कांग्रेस के नए पदाधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। कांग्रेस ने आज गांधी भवन के नीचे यह बैठक रखी है। रोड पर यह बैठक एक तरफ का रास्ता बंद कर आयोजित की गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस समीक्षा बैठक में छोटा मंच बनाया गया है, जिस पर डायस भी उद्बोधन के लिए है। वरिष्ठ नेताओं के लिए इस छोटे मंच के सामने सोफे लगाए गए हैं। मंच पर जिन्हें बुलाया जाएगा वे पहुंचकर उद्बोधन देंगे और वापस नीचे सोफे पर बैठ जाएंगे यह प्रक्रिया मंच पर बैठने का झगड़ा समाप्त करने के लिए शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने शुरू कराई है। आज नीचे रोड पर एक तरफ समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है तो दूसरी तरफ आने वाले कांग्रेसियों के लिए गांधी भवन के नीचे ही भोजन की व्यवस्था भी की गई है।



## हरीश चौधरी का स्वागत करने कांग्रेसी पहुंचे विमानतल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी कल रात इंदौर विमानतल पहुंचे थे। उनकी अगवानी करने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित अन्य कांग्रेसी पहुंचे थे। हरीश चौधरी के स्वागत के लिए बड़ी भारी भरकम फूलमाला भी ले जाई गई, जिसमें दोनों अध्यक्ष और प्रभारी सहित कांग्रेसी समां गए।

## हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री रामभक्त हनुमान मंदिर सुभाष चौक में हनुमानजी की जयंती पर आयोजन होंगे। रोचक जैन, रोमिल जैन, शुभम सोनी, शांतनु, आर्यन सोनी ने बताया कि जीतू गुरु एवं लक्की गुरु के सान्निध्य में 29 मार्च से 12 दिवसीय अभिषेक के

### प्रभातफेरी भी निकलेगी

साथ धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ होगा। जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व 1 अप्रैल को प्रातः 5 बजे श्री रामभक्त हनुमान जी अपने भक्तों का हाल जानने हेतु सुभाष चौक मंदिर से प्रभातफेरी के रूप में नगर भ्रमण पर प्रस्थान करेंगे। शहर के मध्य यह धार्मिक यात्रा निकलेगी, जगह-जगह स्वागत भी होगा। यात्रा फिर सुभाष चौक मंदिर पहुंचेगी जहां आरती भी होगी, यात्रा में सज्जित रथ, भजन मंडलियां, ढोल ताशे सहित अन्य रहेंगे। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः 6 बजे कांकड़ आरती, सायं 8 बजे भव्य महाआरती एवं रात्रि 9 बजे से भजन गायक श्री हरिकिशन जी साबू 'भोपू जी' द्वारा भजन संध्या आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त 04 अप्रैल को सायं 7 बजे से अखंड चलित महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।

# कांग्रेस ने 85 में से 56 मंडलम अध्यक्ष बना दिए

## साथ में वार्ड प्रभारी और महिला प्रभारी की भी कर दी नियुक्तियां

### निगम चुनाव के लिए हो रही है कांग्रेस की तैयारी, 85 महिलाओं को प्रभारी बनाकर संगठन के लिए किया जा रहा है तैयार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने अपनी घोषणा के मुताबिक कल शहर के 85 वार्डों में से विधानसभा 1, 2, 5 और राऊ के 56 वार्डों के मंडलम अध्यक्षों की घोषणा कर दी। इन 56 वार्डों में वार्ड प्रभारी और साथ में महिला प्रभारी की भी नियुक्ति कर दी। इन 168 लोगों की नियुक्ति कल करने के साथ कांग्रेस पहली बार निचले स्तर तक मजबूती की ओर दिखाई दे रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस के धरना, प्रदर्शन, आयोजन, जयंती और पुण्यतिथि में गिनती की महिलाएं नजर आती थी, अब कांग्रेस महिलाओं को जोड़ने का काम भी कर रही है। कल 56 महिलाओं को 56 वार्ड में प्रभारी बनाकर चिंटू चौकसे ने महिलाओं की टीम कांग्रेस संगठन के लिए बनाने का इरादा बता दिया। इन साढ़े तीन विधानसभाओं में 56 महिलाएं प्रभारी बनाकर संगठन के लिए तैनात कर दी गई है। अब 29 वार्डों में मंडलम अध्यक्ष, प्रभारी और महिला प्रभारी की नियुक्तियां भी जल्द की जाना है। अब कांग्रेस के पास 85 वार्डों में 85 महिलाएं भी मौजूद रहेगी। उल्लेखनीय है कि नगर निगम चुनाव समीप है और निगम चुनाव में आरक्षण है इसलिए महिला नेत्रियों की आवश्यकता भी निगम चुनाव में पड़ेगी उसी की तैयारियां भी शहर कांग्रेस ने शुरू कर दी है।



## महापौर की देशभक्ति की मशाल यात्रा में उमड़ी भीड़



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस साल भी देश के वीर सेनानियों, योद्धाओं भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि स्मृति दिवस पर कल फूटीकोठी चौराहा से मशाल यात्रा निकाली। इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपाइयों के अलावा अन्य लोग भी पहुंचे। कई मंच फूटीकोठी से महूनाका के बीच स्वागत के लिए बने थे। कई संस्थाएं भी स्वागत के लिए आगे आई। देशभक्ति और अमर रहे के नारे भी गूंजे, भारत माता के जयकारे भी लगे। यात्रा में सैकड़ों भगवा ध्वज भी लहराते दिखे। विधायक गोलू शुक्ला, महेन्द्र हार्डिया, कृष्णमुरारी मोघे, सुदर्शन गुप्ता, कैलाश शर्मा, जीतू जिराती, नन्दकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, मुकेश शर्मा, प्रबल भार्गव, कपिल शर्मा, प्रफुल्ल शर्मा, अभिषेक शर्मा बबलू, शानू शर्मा, कंचन गिदवानी, योगेश गेंदर, सौगात मिश्रा, प्रियंका चौहान, सुनीता हार्डिया, कमल वाघेला, गोपाल गोयल मौजूद रहे।

## महापौर ने गाए भजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



विधानसभा 5 के वार्ड 54 गणगौर महोत्सव में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक महेन्द्र हार्डिया पहुंचे तो उनका स्वागत महेश बसवाल, दुर्गेश बिंजवा, दिनेश रोकड़े ने किया। महापौर ने भजन भी सुनाए और जयकारे भी लगाए। मोहन राजपूत, राकेश डागसे, अजय वर्मा, कमल प्रजापत, तुकाराम अल्सर, करण अटोदीया, श्आनिल चौहान, रवि लोनखेड़े, मुकेश जारवाल, कमलेश गोयल, सागर गवाने, तेजा अल्सर, ओमप्रकाश, मनोज, शुभम खंडे, दीपक चौहान मौजूद थे।

## सांसद शंकर लालवानी सिंधी समाजजनों के साथ थिरक उठे



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ईस्ट इंदौर सिंधी सोशल ग्रुप द्वारा पूर्वी क्षेत्र के सिंधी समाजजनों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंधी गीतों की प्रस्तुति दी गई जिस पर मौजूद सिंधी समाजजन ने नृत्य किया। ऐसे में सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी भी थी और सिंधी समाजजनों के साथ लालवानी ने भी सिंधी गीतों पर नृत्य किया। केशव राजानी, दीपक बाबा, जय काकवानी, गिरीश मतलानी, नीलू पंजवानी, जगदीश मनसुखानी, ओमी वाधवानी, अजय शिवानी, हरि भाऊ सहित अन्य सिंधी समाजजन मौजूद थे।

## भाजपा नेता बघेल का स्वागत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल पद के बाद पहली बार इंदौर आए तो उनके आगमन पर स्वागत किया गया। श्रवणसिंह चावड़ा, डॉ. बलराम गुप्ता, रामस्वरूप गेहलोत, दिलीप पटेल, रजत शर्मा मौजूद थे।



# आज फिर हुआ संघ के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण

## आज 40 वर्ष से अधिक उम्र के स्वयंसेवकों को बुलाया गया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट






राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण आज एक बार फिर हुआ है। आज के कार्यक्रम के लिए 40 वर्ष से अधिक उम्र के स्वयंसेवकों को बुलाया गया।

हेडगेवार स्मारक समिति के द्वारा आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंत वैद्य कॉलोनी में स्थित कार्यालय सुदर्शन भवन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह से शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम के लिए पूर्व में जारी की गई सूचना में कहा गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 40 वर्ष से अधिक उम्र के सभी स्वयंसेवक इस कार्यक्रम के लिए एकत्र होंगे। इसमें खास तौर पर उम्र की सीमा को 65 वर्ष तक का रखा गया था। साथ में यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि संघ में वैसे भी स्वयंसेवक की उम्र का कोई प्रतिबंध नहीं है। आज का यह कार्यक्रम मूलतः पुराने स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण था। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुराने स्वयंसेवकों की एक दूसरे से मुलाकात भी हो गई।

इस कार्यक्रम के लिए सुबह 8 बजे के पहले से ही बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सुदर्शन भवन पर पहुंचना शुरू हो गए थे। इसके साथ ही संघ की परंपरा के अनुसार निर्धारित समय पर कार्यक्रम का आयोजन भी शुरू हो गया। ध्यान रहे की पिछले दिनों ही संघ के द्वारा चिमन बाग मैदान पर भी एकत्रीकरण का एक कार्यक्रम रखा गया था।



## विचार गोष्ठी आयोजित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नागरिक समिति ने देश के वीर भगतसिंह और सुखदेव राजगुरु की पुण्यतिथि और डॉ. लोहिया की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कई वक्ताओं ने उदबोधन दिए। रुद्रपाल यादव, रामस्वरूप मंत्री, सोनू शर्मा, राजेंद्र यादव, फादर पायस, अजय लागू, प्रमोद नामदेव, मोहम्मद अली सिद्दीकी, मनोज हार्डिया, सुरेन्द्र,मान्या सिंह, अमन यादव, लल्लूसिंह यादव उपस्थित थे।

## तलाक की धमकी देकर महिला को दी प्रताड़ना, पति समेत अन्य पर प्रकरण दर्ज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पुलिस ने एक विवाहिता को तलाक की धमकी देकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में पति समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक जूना रिसाला निवासी जैनब ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति ईकबाल खान निवासी जूना पीठा और अन्य परिजनों द्वारा उसे लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोपी उसे तलाक देने की धमकी देते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करते थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी इकबाल खान सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चलते ट्रक से 7 बोरे और 5 बॉक्स ले उड़े बदमाश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में चलते ट्रक से पार्सल चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाश ट्रक में रखे सामान को पार कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक पंजाब के रूपनगर जिले के ग्राम सन्रो माजरा निवासी अमरेन्द्र सिंह (35) का ट्रक क्रमांक एमएच 46 बीएम 4267 से सुबह करीब 4:55 बजे बिचौली मर्दाना ब्रिज बायपास रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोर चलते वाहन से ही ट्रक में रखे 7 बोरे और 5 बॉक्स चोरी कर ले गए, जिनमें डिलेवरी का सामान रखा हुआ था। घटना की शिकायत पर कनाड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## 'अवध लोक' पर 9 हजार से अधिक आहुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव के अन्तर्गत सुबह से देर रात तक 'सबके राम' महोत्सव के आयोजन में श्रद्धालु पहुंच रहे है। यज्ञशाला में 16 हजार 108 आहुतियों के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 9 हजार से अधिक आहुतियां समर्पित की जा चुकी हैं, परिक्रमा भी यज्ञशाला की जा रही है।

## 21 समाजसेवियों का सम्मान होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल परिषद द्वारा अपने स्थापना दिवस पर आज शाम 7 बजे से शांति मंडपम सभागृह में 21 समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा।



## तिवारी परिवार का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खातेगांव, कन्नौद और सतवास तहसील के प्रवासी ब्राह्मण समाज द्वारा इंदौर में आयोजित परिचय सम्मेलन की सफलता के बाद समाज के शीर्ष पदाधिकारियों ने तिवारी परिवार का आत्मीय अभिनंदन किया। लखन तिवारी, मनोज तिवारी, राजेश तिवारी, नमन तिवारी, डॉ. नम्रता तिवारी और माहिमन तिवारी का सम्मान किया गया। राजेश हरदेनिया, प्रद्युम्न दीक्षित, संजय परसाई, दिनेश तिवारी, कृष्ण गोपाल चौबे, संतोष तिवारी, संतोष पाठक, हरिओम दुबे, राकेश दुबे मौजूद थे।

## स्कूल आते-जाते नाबालिग का पीछा कर करता था परेशान

### पिता ने समझाइश दी तो देने लगा धमकी

**इन्दौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा को परेशान करने और उसके पिता को धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा का स्कूल आते-जाते समय पीछा करता था और विरोध करने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फिरोज गांधी नगर निवासी हर्ष पिता कान्हा यादव पिछले काफी समय से उसे परेशान कर रहा था। आरोपी छात्रा के स्कूल जाते समय अक्सर उसका बुरी नीयत से पीछा करता और उसे असुरक्षित महसूस कराता था। कल भी जब छात्रा स्कूल जा रही थी, तब हर्ष उसका पीछा करते हुए स्कूल तक पहुँच गया। छात्रा ने घर लौटकर पूरी बात अपने पिता को बताई। जब पिता अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित होकर आरोपी हर्ष को समझाने पहुँचे, तो वह उलटा उनसे ही उलझ गया। आरोपी ने पिता को खुलेआम धमकी देते हुए कहा कि अगर तुम्हारी लड़की मुझसे बात नहीं करेगी, तो मैं उसे जान से खत्म कर दूँगा।डरी-सहमी छात्रा ने परिजनों के साथ परदेशीपुरा थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी हर्ष यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## रावजी बाजार की सड़क के लिए दिए गए नोटिस का आज आखिरी दिन

### 100 परिवारों को नोटिस देकर निगम ने मांगे घर के दस्तावेज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नगर निगम द्वारा सरवटे बस स्टैंड से गंगवाल बस स्टैंड तक बनाई जा रही सड़क के एक हिस्से के रूप में रावजी बाजार की सड़क के लिए दिए गए नोटिस का आज आखिरी दिन है प्रोग्राम निगम के द्वारा 100 परिवारों को नोटिस देकर उनसे घर के दस्तावेज मांगे गए हैं।

दोनों बस स्टैंड को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण का कार्य नगर निगम की पिछली परिषद के कार्यकाल में शुरू हुआ था। यह सड़क कितनी धीमी गति से इस तरह से बन रही है कि अब तक पूरी नहीं हो सकी है। अब नगर निगम के द्वारा इस सड़क के एक हिस्से के रूप में रावजी बाजार से लेकर गौतमपुरा तक का कार्य करने का फैसला लिया गया है। इस सड़क का निर्माण करने में इस क्षेत्र में 100 मकान के निर्माण बाधक है।

नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों इन बाधक मकान के भवन स्वामी के नाम पर नोटिस जारी किए गए। इस नोटिस में इन भवन स्वामी से कहा गया कि वह अपने मकान के दस्तावेज प्रस्तुत करें। यह नोटिस 15 दिन का दिया गया था। आज इस नोटिस का आखिरी दिन है। आज तक इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अपने मकान की रजिस्ट्री और नगर निगम के द्वारा मंजूर किया गए नक्शे की कॉपी निगम के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना है।

**चंदन नगर की सड़क के लिए नोटिस देना शुरू-** नगर निगम के द्वारा चंदन नगर को एयरपोर्ट रोड से जोड़ने वाली सड़क के लिए नोटिस देने का काम शुरू कर दिया गया है। निगम के इंजीनियर वैभव देवलासे ने बताया कि इस सड़क के मार्ग में 350 मकान के निर्माण आ रहे हैं। इन सभी मकान के मालिकों के नाम पर नोटिस देने का काम आज सुबह से शुरू कर दिया गया है। इस काम को पूरा करने में कल तक का समय लग जाएगा। इस नोटिस के माध्यम से भी नगर निगम के द्वारा संबंधित मकान के मालिक से मकान के दस्तावेज और नगर निगम के द्वारा मकान के निर्माण के लिए दी गई अनुमति के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। ध्यान रहे कि यह कॉलोनी अवैध है। ऐसे में इस कॉलोनी में किसी भी मकान का निर्माण के लिए नक्शा मंजूर नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में भवन मालिकों को खुद के भवन के मालिक होने का सबूत रजिस्ट्री के रूप में देना है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित नेमावर रोड पर पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने विवाद के दौरान अचानक ब्लेड निकालकर युवक के गले पर वार कर दिया। लहूलुहान हालत में युवक को अस्पताल पहुँचाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक, कृष्णबाग कॉलोनी निवासी रवि पिता मांगीलाल पगारे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात वह नेमावर रोड स्थित हरे कृष्ण तौल कांटे के पास से गुजर रहा था तभी वहां उसे संजय गांधी नगर निवासी विनोद काकोडिया मिला। दोनों के बीच पुरानी किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विनोद गाली-गलौज पर उतर आया।फरियादी रवि ने जब गालियां देने से मना किया, तो आरोपी विनोद ने तैश में आकर अपने पास रखी ब्लेड निकाली। इससे पहले कि रवि कुछ समझ पाता, विनोद ने जान से मारने की नीयत से उसके गले पर सीधा वार कर दिया। हमले में रवि के गले पर गहरी चोट आई और काफी खून बहने लगा। वारदात को अंजाम देकर आरोपी विनोद मौके से फरार हो गया।घायल रवि को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी विनोद काकोडिया के खिलाफ गंभीर चोट पहुँचाने और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# जिला प्रशासन का फोकस डायवर्सन टैक्स की वसूली पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इस समय जिला प्रशासन का पूरा फोकस डायवर्सन टैक्स की वसूली पर है। जिला कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभी अधिकारियों को यह चेतावनी दी गई है कि वह जल्दी से जल्दी वसूली के काम को अंजाम दें।**

इस टैक्स की राशि की वसूली का काम सबसे ज्यादा प्राथमिकता का काम है। इस समय पूरे प्रदेश में इंदौर की वसूली के मामले में स्थिति खराब चल रही है। करोड़ों रुपए का डायवर्सन टैक्स इंदौर के उद्योगपतियों बिल्डरों और व्यापारियों पर बाकी है। इस टैक्स की वसूली करने के लिए उनके नाम पर बार-बार नोटिस जारी किए जाते हैं लेकिन संबंधित व्यक्तियों के द्वारा टैक्स की राशि को जमा करने में कोई रुचि नहीं ली जा रही है। इसके परिणाम

**कलेक्टर ने अधिकारियों को चेताया जल्दी करो वसूली का काम**

स्वरुप पिछले कुछ दिनों से पटवारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और एसडीएम के द्वारा इस टैक्स की वसूली करने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। यह कार्रवाई शुरू किए जाने के बावजूद कोई बहुत ज्यादा और अच्छा टैक्स वसूल नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा कल ली गई बैठक में सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि अब सबसे ज्यादा ध्यान इस टैक्स की राशि की वसूली करने पर दिया जाना है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब मात्र 9 दिन का समय शेष बचा है। ऐसे में हमें अधिक से अधिक बकाया राशि को वसूल कर अपने पेंडेंसी को समाप्त करना है। वैसे भी वित्तीय वर्ष के समापन की बेला में राजस्व के संग्रहण का कार्य सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य हो जाता है।

## कार्रवाई में आएगी गति

कलेक्टर के द्वारा दिए गए निर्देश के परिणाम स्वरुप अब कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा टैक्स की वसूली की कार्रवाई में गति लाई जाएगी। जहां से टैक्स नहीं मिलेगा वहां पर संपत्ति को सील करने की कार्रवाई अब तेज गति के साथ की जाएगी। कल यह निर्देश जारी होने के बाद ही इस कार्रवाई में तेजी आती हुई नजर आने लगी है।



# ड्रेनेज के पानी से होकर मंदिर जाना पड़ता है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

छोटा बांगड़दा के वार्ड 16 के राम लक्ष्मण जानकी मंदिर से आगे सामुदायिक भवन बनना था जो नहीं बना। वहां लोगों ने कूड़ा कर्कट इकट्ठा कर दिया है। गांव के पश्चिम दिशा से आ रही ढलान वाली सड़क पर ड्रेनेज का गंदा पानी बहता है। रोजाना पूजा-पाठ करनेजाने वाले गंदे पानी में होकर मंदिर तक पहुंचते है।

# बिल्डिंगों में फायर फाइटिंग के उपकरण लगाने के लिए चेतावनी

## 15 दिन में उपकरण लगाओ वरना कर देंगे बिल्डिंग सील

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा बिल्डिंगों में फायर फाइटिंग के उपकरण लगाने के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है। बिल्डिंग मालिकों से कहा गया है कि वह अपनी बिल्डिंग में 15 दिन में आग की घटना से बचाव के उपकरण लगाए अन्यथा उनकी बिल्डिंग सील कर दी जाएगी।**

निगम के फायर ऑफिसर विनोद मिश्रा के द्वारा आज निगम की ओर से फायर सुरक्षा के संबंध में जाहिर सूचना जारी की गई है। इस सूचना में कहा गया है कि गंभीर अग्नि दुर्घटना के रोकथाम को ध्यान में रखते हुए इंदौर नगरीय निकाय के क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित ग्राउंड फ्लोर और उसके ऊपर तीन फ्लोर तथा उससे अधिक ऊंचाई वाली बिल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधि, अस्पताल, स्कूल, होटल, उद्योग, सिनेमा और आवासीय भवन का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा वर्ष 2022 में जारी किए गए निर्देश के अनुसार इन सभी भवन में अग्नि सुरक्षा का प्रावधान किया जाना अनिवार्य है।

इस सूचना के माध्यम से इस तरह की सभी बड़ी इमारत के मालिकों को कहा गया है कि 15 दिन के अंदर वह अपने-अपने भवन में अग्नि सुरक्षा से संबंधित समस्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन भवनों की जिला स्तरीय समिति के द्वारा जांच की जाएगी। जिन भवन में अग्नि दुर्घटना की स्थिति में सुरक्षा के साधन या उपकरण नहीं पाए जाएंगे या फिर चलने योग्य नहीं पाए जाएंगे तो ऐसे भवन को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से 15 दिन का समय सभी भवन संचालकों को उक्त उपकरण खरीदने और अपने भवन में लगाने के लिए दिया गया है। इसके साथ यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि उपकरण नहीं लगाए जाते हैं तो ऐसी स्थिति में भवन पर सीधी कार्रवाई शुरू होगी।

जिला कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा भी कल ली गई टाइम लिमिट की बैठक में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इस समय आग की घटना से बचाव के उपकरण हर बिल्डिंग में सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। यदि यह उपकरण किसी बिल्डिंग में नहीं पाए जाते हैं तो ऐसी बिल्डिंग को चिन्हित करने के साथ-साथ उन पर सीधी कार्रवाई तेज गति के साथ शुरू की जाएं। इस बैठक में इस बारे में निगम के अधिकारियों को विस्तार से निर्देशित भी किया गया। इस स्थिति से यह स्पष्ट है कि अब जिला प्रशासन और नगर निगम के द्वारा मिलकर संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए इस कार्रवाई को आकार देने की कोशिश की जाएगीं।

# व्यापारियों ने जताई नाराजगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजबाड़ा क्षेत्र में फुटपाथ अतिक्रमण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। फुटपाथ हटाने की मांग करने वाले इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के खिलाफ उनकी दुकान का घेराव करने वालों पर सराफा पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर अहिल्या चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चेम्बर्स के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह से सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाता है, तो फिर वह दोबारा कैसे और किन परिस्थितियों में स्थापित हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि फुटपाथ पर दोबारा अतिक्रमण न हो, इसकी जिम्मेदारी नगर निगम की है। व्यापारी वर्ग हमेशा व्यवस्थित व्यापार और प्रशासनिक नियमों का समर्थन करता रहा है, लेकिन व्यापारियों को धमकाने और भय का माहौल बनाने की प्रवृत्ति किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# नदी सफाई और वापस कचरा डालने के मामले की होगी सत्यता की जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बीते दो दिनों से शहर में नदी सफाई को लेकर बनाया गया एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बताया गया है कि कृष्णपुरा छत्री पर जेसीबी मशीन द्वारा सफाई कार्य कर नदी से गाद निकाली जा रही है, वहीं दूसरी ओर यह बताया गया है कि नगर निगम के कर्मचारी छत्री वाले घाट पर पड़े कचरे को पुनः नदी में डाल रहे हैं लोगों के बीच यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है और नगर निगम की कार्य शैली पर सवाल खड़े कर रहा है, नगर निगम अधिकारी इस वीडियो की सच्चाई अब तक पता नहीं कर पाए हैं कि जो कर्मचारी नदी में कचरा डाल रहे हैं वह नगर निगम के हैं? और अगर नगर निगम के कर्मचारी हैं तो किसके आदेश पर नदी में वापस कचरा डाला रहें है? क्या ऐसे कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई होनी चाहिए? इन सवालों के जवाब शहर के लोग निगम से मांग रहे हैं।

नदी सफाई को लेकर 1992 से प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन सफलता आज तक नहीं मिली है अलग-अलग योजनाओं में करोड़ों रुपए नदी सफाई पर खर्च कर दिए गए केंद्र और राज्य सरकार के साथ मिलकर भी अलग-अलग तरीकों से नदी को साफ करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम किया गया इसके अलावा वर्तमान में तकनीक का उपयोग कर एसटीपी प्लांट का निर्माण किया गया जिससे यह दावा किया गया था की नदी में साफ एवं स्वच्छ पानी बहेगा क्योंकि पानी को एसपी के माध्यम से ट्रीट किया जा रहा है सीवरेज का पानी पहले प्लांट में ट्रीट किया जाएगा इसके बाद नदी में साफ पानी छोड़ा जाएगा लेकिन कान्ह और सरस्वती नदी दोनों कुल 7 एसपी बनाए गए हैं जो की पानी को ट्रीट करके साफ तो कर रहे हैं और नदी में भी छोड़ रहे हैं लेकिन नदी में सीवरेज का गंदा पानी अभी भी मिल रहा है और एसपी निर्माण का कोई औचित्य नहीं रह गया है। वायरल वीडियो में यह बताया जा रहा है कि एक ओर नदी से गाद निकल जा रही है दूसरी ओर नदी में मिट्टी और कचरा पुनः डाला जा रहा है। नदी सफाई को लेकर जेसीबी से गाद निकालने का काम लंबे समय से चला आ रहा है, हर साल नदी के किनारो पर गाद निकालकर पटकी जाती है और बारिश के दौरान यह पुनः नदी में चली जाती है। इस काम के लिए नगर निगम करोड़ों रुपए बीते सालों में खर्च कर चुका है लेकिन नदी में मिट्टी और गाद कभी काम नहीं होती।

मामले में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल होते हैं उक्त वीडियो की जानकारी निकल जा रही है यदि निगम के कर्मचारी कचरा नदी में डाल रहे हैं तो उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी साथ ही सेवा समाप्ति भी होगी इस वीडियो की सत्यता जचने के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं आई है जल्द ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।



## नामदेव छीपा महिलाओं ने किया आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री नामदेव छीपा जागृति महिला संगठन से जुडी महिलाओं ने बड़े गणपति मंदिर से हंसदास मठ तक गणगौर बाना निकाला। ईसर-गौरा की पूजा की गई, गणगौर गीतों पर नृत्य किया गया। पूजा रोहित गोठानिया, मृदुला नामदेव, रत्ना जनवासिया, संगीता रंजन पंवार,अर्चना कंजोडिया, भारती नामदेव, अनिता जांचपुरे, पुष्पा जनवासिया, मीरा गोठानिया, रानी ब्रग, पदमा नामदेव, आयुषी नामदेव, सुनयना अमित गुजरानिया सहित अन्य मातृशक्तियों ने गणगौर माता की पूजन से लेकर अन्य धार्मिक आयोजन में शिरकत की।

## भैयाजी ग्रुप ने किया महिलाओं का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

तिरुपति म्युजिकल ग्रूप एंव भैयाजी हास्य एवं योगा ग्रूप के तत्वावधान में महिला शक्ति सम्मान मोमेटों, माला एवं दुपट्टा पहनाकर सभी महिलाओ का सम्मान किया गया एवं फेन्सी ड्रेस, एकल गीत एंव सामूहिक ग्रूप डांस, पेरोडी पर डांस की भी प्रस्तुति दी गई। जिसमे भैयाजी ग्रूप की बहनो ने भी भाग लिया। उक्त जानकारी घनश्याम मित्तल ने दी।







## क़ई मुद्दों पर रैली निकालकर किया प्रदर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के तत्वावधान में मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। जाति आधारित जनगणना कराने, एसटी, ओबीसी के समर्थन मे सख्त यूजीसी बिल लागू करने के समर्थन में 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी मुक्त किया जाए यह मुद्दे रखे गए।

## गंगवाल का पद पर सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के संयुक्त मंत्री पद पर नियुक्त होने पर राजेश गंगवाल का स्वागत किया गया।



जयदीप जैन, मनमोहन झांझरी, सुरेश व्यास, बंटी बूब, महेश जेसवाल, ललित निर्माण, रामा भावसार, शिवनारायण शर्मा, कमल राठौर सहित अन्य मौजूद थे। कई भाजपा नेताओं ने बधाई दी है।

## दाधीच ब्राह्मण समाजजन रहे प्राण प्रतिष्ठा और भागवत में मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दाधीच ब्राह्मण समाज और दाधीच ब्राह्मण युवा संघ के तत्वावधान में छत्रीबाग स्थित दधीचि भवन में कुलदेवी मां दधिमती तथा त्यागमूर्ति भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।

आनंद कृष्ण व्यास के मुखारबिंद से भागवत का रसपान भी हो रहा है। दाधीच ब्राह्मण समाजजन आयोजन में मौजूद रहे।

## आम्बावली माता दरबार परिसर में कल भंडारा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आम्बावाली माता दत्त नगर-राजेन्द्र नगर में इस चैत्र नवरात्रि में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। आज मंगलवार की देर शाम से आधी रात के बाद तक बडी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रहती है। नवरात्रि की अष्टमी पर भी आस्था की दरकार आम्बावाली मां दरबार दत्त नगर में नजर आएगी। बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। कल बुधवार की शाम 5 बजे से बडा भंडारा का आयोजन भी किया गया है।

## महालक्ष्मीजी का कुमकुम अर्चन आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री दत्त माऊली सदगुरू अण्णा महाराज संस्थान में श्री लक्ष्मी पंचमी पर कल श्री महालक्ष्मी जी का कुंकुम अर्चन आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अण्णा महाराज ने सार्थक उद्बोधन भी दिया।





## अन्नपूर्णा मंदिर में होने वाली कथा के पहले बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में 28 मार्च से 3 अप्रैल तक होने वाली भागवत कथा की तैयारी को लेकर श्री शक्ति महिला संघ ने बैठक का आयोजन कर कलश यात्रा और कथा की जिम्मेदारी भी तय की। गौरव तिवारी कथा का रसपान कराएंगे। डिम्पल राम शर्मा, संजय मिश्रा, पायल शर्मा, कुमकुम शर्मा, पुष्पा पाण्डे, प्रतीक्षा दुबे, शकुंतला ओझा, गीता पँवार , रीना शर्मा, रीना तिवारी शिवानी पंडित रंजना एकतारे, पुनीता शर्मा, भारती शर्मा, विभूति व्यास, पूर्णिमा शर्मा, रजनी गुप्ता, नेहा शर्मा, निर्मला बेस सहित अन्य मौजूद थे।

## सिंधी समाजजन रहे 103 दीप से श्रद्धांजलि देने में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहीद हेमू कालानी की जन्म जयंती पर भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के अध्यक्ष पंकज फतेहचंदानी ने पदाधिकारी और सहयोगियों के साथ भारत माता और हेमू कालानी



की आरती का आयोजन किया। बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन जिनमें युवा, महिलाएं भी मौजूद रहे। अतिथि पुष्यमित्र भार्गव, सुधा सुख्यानी, निधि बंग, शिवानी अड़सपुरकर मौजूद रहे। सागर हबलानी, विशाल हबलानी, तरुण जेठानी, तुषार गगवानी, हिमांशु मंगवानी, मनीष आरिजा, कुशाल मोटवानी, विक्की आर्या, देव भाटिया मौजूद थे।

## राठौर समाजजन रहे चल समारोह में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सकल पंच राठौर समाज ने मातृशक्तियों के साथ गणगौर पूजन, चल समारोह का आयोजन किया। सोनू राठौर, अशोक राठौर, गोविंद राठौर, मालती डागोर, अर्चना राठौर संगीता देवड़ा, संगीता राठौर, बृजबाला राठौर, भावना गेहलोद, सुशीला राठौर, वंदना राठौर, ललित राठौर, विजय देवड़ा, नीलेश राठौर, हर्ष राठौर, कुणाल राठौर, रीतिक राठौर, संजय राठौर, अंकित राठौर, पंकज राठौर सहित अन्य मौजूद थे।





## विद्या धाम में माताजी की 108 दीपक से आरती

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विद्याधाम मंदिर में 108 दीपक से महाआरती का आयोजन स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती के सानिध्य और आचार्य प्रशांत अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में किया गया।



# प्रभातफेरी से पहले आज रथ पर सवार अलीजा के दर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर से 1 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। पांच दिवसीय उत्सव की तैयारियां अंतिम दौर में है। इसको लेकर अलीजा के भक्तों में जमकर उत्साह है। आज मंगलवार को हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रभातफेरी से पहले आज वीर अलीजा रथ पर सवार होकर दर्शन दे रहे है। मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि प्रभातफेरी में इसी स्वरुप में वीर अलीजा हनुमान भक्तों को दर्शन देंगे। आज मंदिर में रथ पर सवार अलीजा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की सुबह से कतार नजर आई। कार्यक्रम के लिए 300 से अधिक कार्यकर्ता दिन और रात अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बैनर-पोस्टर भी लगाए जा रहे है। वहीं दोपहिया वाहन, आटो रिक्शा और कारों पर भी स्टीकर प्रभातफेरी को लेकर लगाए जा रहे है। सोशल मीडिया भी वीर अलीजा यात्रा के बैनरों से पटा हुआ है।

# जयगुरुदेव के भक्तों ने लिया शाकाहार और नशामुक्त संकल्प

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जयगुरुदेव आश्रम तेजाजी नगर मिर्जापुर में बाबा के भक्तों की मौजूदगी रही। श्रद्धालुओं को



शाकाहार और नशामुक्ति का संकल्प दिलाया गया। बाबा जयगुरुदेव के जयकारे भी गूंजे। छतरसिंह राजावत, छोटेलाल जायसवाल, मोहन सरवरिया ने बताया कि भजन, कीर्तन और ध्वजारोहण का आयोजन भी किया गया। मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का आयोजन भी हुआ। कल से शुरू हुआ आयोजन अब 12 दिनों तक शहर के कोने-कोने तक गुरुदेव के संदेश पहुंचाने का काम अलग-अलग दिन किया जाएगा।

# माहेश्वरी संस्कृति का आज से भागवत कथा आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। माहेश्वरी संस्कृति के मुनिष मालानी ने बताया कि स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य महाराज उज्जैन के श्रीमुख से आज भगवाथ कथा का आयोजन दस्तूर गार्डन में आज दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। भागवत कथा के पूर्व सुबह शोभायात्रा शिव मंदिर गुमाश्ता नगर से निकली जो दस्तूर गार्डन पहुंची।

# माहेश्वरी सखियों ने किया मास्टर शेफ थीम पर आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। माहेश्वरी सखी संगठन संयोगितागंज की नवनिर्वाचित टीम की अंजू मूंदड़ा, हेमा लखोटिया ने बताया कि मास्टरशेफ थीम पर 140 सखियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी वंदना तापड़िया, संयोजक जागृति नवाल, पूनम माहेश्वरी, राधिका लाहोटी, रितु गोदानी ने अपनी भूमिका निभाई। किचन क्विन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं अन्य प्रतियोगी गेम भी खिलाए गए, विजेताओं को पुरस्कृत किया। ममता गुप्ता, संगीता गुप्ता निर्णायक थी। मीता बिसानी, सरोज भूतड़ा, सीता चांडक, सीमा बियानी को पुरस्कृत किया गया। मास्टरशेफ आयोजन बगैर एलपीजी के किया गया।



# फ्रैण्ड्स ग्रुप का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माहेश्वरी फ्रैण्डस ग्रुप ने गार्डन में साधारण सभा की और गणगौर महोत्सव भी मनाया। महिलाओं के साथ पुरुष भी शामिल हुए। घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी गई, गणगौर के दोहे, गीत का आयोजन किया। दम्पत्तियों का सम्मान भी किया गया। सुरेश-जमना राठी, सम्पत-राधा साबू, गोपाल-सूर्यकांता झंवर, गोपाल-सुधा मालपानी, राजेश-चंदा मूंदड़ा, सतीश-आशा साबू, हेमंत-ज्योति आगार मौजूद थे।

# पालीवाल महिलाओं ने किया आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पालीवाल समाज 24 श्रेणी से जुड़ी अन्नपूर्णा महिला मंडल ने गणगौर उत्सव का आयोजन किया। चल समारोह भी निकाला। यह चल समारोह वापस धर्मशाला पहुंचा तो वहां भूरालाल जोशी, विजयशंकर जोशी और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। पालीवाल समाजजनों की मौजूदगी में मंदिर में मातारानी की आरती की गई। राकेश जोशी, सुरेश जोशी, दीनदयाल जोशी, अभिषेक जोशी, वासुदेव पुरोहित, हरीश जोशी, पवन जोशी, श्रवण जोशी, कंकुदेवी, हेमराज पुरोहित, कैलाश पालीवाल, अनिल बागोरा, पुष्कर जोशी, अखिलेश जोशी, उमेश पुरोहित, चांदमल जोशी, हीरालाल उपाध्याय, शांतिलाल जोशी, दीपु जोशी, पंकज पुरोहित,लक्की जोशी अतुल जोशी एवं मातृशक्तियां मौजूद थी।

# आज से रामकथा, कल निकली थी कलश यात्रा



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सिद्ध हनुमान मंदिर हुजुरगंज बिजासन रोड पर श्रीराम कथा का आयोजन आज से 9 दिनों तक किया जाना है। कथा के पूर्व कल सोमवार को कलश यात्रा बडी संख्या में मातृशक्तियों के सिर पर कलश धारण कर निकली। साधु-संत, श्रद्धालु शामिल हुए। भागवत का रसपान शैलेन्द्र तिवारी आज से 28 मार्च तक दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कराएंगे। सुमित अवस्थी, विकास अवस्थी, दिनेश शर्मा, सोनू नामदेव,आकाश तोड़े,अजय अवस्थी सहित अन्य मौजूद थे।



# जैन समाजजनों ने चढाए निर्वाण लाडू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मॉडर्न सिटी स्थित श्री अजितनाथ त्रिमूर्ति जैन मंदिर पर अजितनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर अजितनाथ मंडल विधान किया गया। अभिषेक, शांतिधारा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। पूर्व पवन जैन, नवीन गंगवाल, हेमंत अशोक कुमार वेद, कमलेश काला, गिरीश जैन सहित अन्य जैन समाजजन मौजूद रहे।

# गोधा का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा के सम्मान का आयोजन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर द्वारा किया गया। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।





# भगवान अजितनाथ की 48 दीपक से आरती

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अजितनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय सैटेलाईट जंक्शन में जैन समाज ने मनाया। भगवान का अभिषेक,शांतिधारा, सामूहिक पूजन, आरती के साथ मोक्षकल्याणक दिवस पर निर्वाण कांड भी पढ़ा, निर्वाण लाडू भी चढ़ाए, 48 दीपक से आरती भी की गई और भजन का आयोजन भी हुआ। महेन्द्र जैन ने उक्त जानकारी दी।

# जैन समाजजनों ने किया सम्मान और दिया जल बचाव का नारा




इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विहर्ष सागर भक्त मंडल एवं पंच लश्करी गोठ के सुनील गोधा ने बताया कि जल बचाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम मोदीजी की नसिया में आयोजित कर जल बचाने का नारा दिया। जल संरक्षण, जल अपव्यय और जल के महत्व को भी समझाया गया। वहीं सम्मान का आयोजन भी हुआ। विनय बाकलीवाल, आनंद गोधा, एमके जैन, नवीन गोधा, मनोज काला, जयदीप जैन, नकुल पाटोदी, नरेन्द्र वेद, वीरेंद्र बड़जात्या, पवन पाटोदी, विनोद गंगवाल, पुष्पेन्द्र वेद, संदीप मोरया, राजीव जैन, नीरज मोदी, योगेंद्र काला, सुरेंद्र मोदी, पारस पांड्या, कमल काला, अमित सेठी, आलोक जैन, दिनेश गोधा, पंकज पाटनी, मुकेश गोधा, माणक बड़जात्या, राकेश गोधा, नितिन बड़जात्या, निधि सेठी मौजूद थे।

# लक्ष्मीपुरी राधाकृष्ण मंदिर आवासीय क्षेत्र से श्रीराम मंदिर सेक्टर बी के नक्षत्र गार्डन तक होंगे संवारने के कार्य

इंदौर। लक्ष्मीपुरी राम मंदिर आवासीय क्षेत्र से सेक्टर बी में स्थित श्रीराम मंदिर आवासीय क्षेत्र से नक्षत्र गार्डन तक आने वाले दिनों में जल्द सजाने-संवारने के कई कार्य एक साथ शुरू होंगे। जिसके तहत पॉश कॉलोनी के आवासीय क्षेत्र में एक मंदिर से दूसरे मंदिर तक गार्डन और बगीचों के आसपास के क्षेत्र में क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर निगम द्वारा आकर्षक डिजाइन वाले पेवर्स ब्लॉक लगाकर क्षेत्र की पॉश कॉलोनी के बड़े हिस्से में सौंदर्यकरण के काम एक

### आकर्षक डिजाइनर पेवर्स ब्लॉक लगाकर होगा सौंदर्यकरण का काम



साथ शुरू होंगे। जिसके तहत यहां नक्षत्र गार्डन के भीतर और बाहरी हिस्से के साथ आसपास चारों तरफ सेक्टर बी श्रीराम मंदिर आवासीय क्षेत्र तक आकर्षक पेवर्स लगाकर नवीन फुटपाथ निर्माण कर सौंदर्यकरण के काम किए जाएंगे।

**दृष्टिहीन केंद्र से वैष्णव विहार आवासीय क्षेत्र तक होगा ब्लॉक बिछाने का कार्य-** यहां के अलावा क्षेत्र के दृष्टिहीन केंद्र से लेकर वैष्णव विहार आवासीय क्षेत्र के साथ आसपास के आवासीय क्षेत्र में सालों बाद क्षेत्र के रहवासियों मांग पर जनप्रतिनिधियों के लगातार प्रयास के बाद अब जाकर निगम द्वारा आने वाले दिनों में लगभग 25 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सजाने-संवारने के कई कार्य शुरू किए जाएंगे।

### पेड़-पौधे लगाकर होगा ग्रीनरी का काम

यही नहीं क्षेत्रीय रहवासियों का कहना है कि नक्षत्र वाटिका और आसपास के क्षेत्र में फुटपाथ निर्माण के साथ कुछ हिस्सों में वाकिंग ट्रेक का निर्माण भी किया जाएगा। साथ ही आसपास में ग्रीनरी के लिए बड़े हिस्से में सभी रहवासियों और सामाजिक संस्थाओं के साथ निगम सहयोग से बारिश से पहले यहां हरियाली के लिए एक से बढ़कर एक पेड़-पौधे भी लगाएं जाएंगे। जिसके लिए यहां जनसहयोग से अभियान भी चलाया जाएगा ताकि क्षेत्र में सौंदर्यकरण के साथ ग्रीनरी और खूबसूरती भी नजर आए।



## केसरबाग रोड पर स्थित नेमीनगर की कई गलियों में जल निकासी लाइन डालने के बाद होगा सड़क निर्माण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। जोन संख्या 15 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 72 के केसरबाग रोड पर स्थित नेमी नगर पॉश कॉलोनी में क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए सालों बाद लंबे समय से क्षतिग्रस्त लाइन उखाड़कर अब नई लाइन डालने का काम शुरू होगा। इसके साथ ही लंबे समय से कई जगह से उबड़ खाबड़ हो रही सड़क की बजाय अब लोगों को यहां नई चमचमाती सीमेंट सड़क की सौगात भी मिलने वाली है। जिसका निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होगा। जिसको लेकर प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने अपनी ओर से तमाम तैयारियां भी शुरू कर दी है।

**जल निकासी लाइन डलने के बाद शुरू होगा सड़क निर्माण कार्य-** प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक पहले चरण में यहां निगम द्वारा सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई जल निकासी लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। यही नहीं इसके बाद केसर बाग रोड पर स्थित पॉश कालोनी नेमी नगर की विभिन्न गलियों में क्षेत्र के रहवासी परिवारों को नई सड़क निर्माण कार्य और चौड़ी करण कार्य की सौगात भी मिलने वाली है। जिसके लिए भी पिछले दिनों टेंडर संबंधित तमाम प्रक्रिया पहले से शुरू हो गई है। इसके बाद अगले माह में हमारा प्रयास है कि जल्द यहां भी काम शुरू कर दें जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से होने वाले काम के लिए निगम द्वारा टेंडर संबंधित प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगले माह निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही निगम अधिकारियों का प्रयास है कि जल्द हाथों हाथ काम भी शुरू करवा दे ताकि क्षेत्र के लोगों को इस काम के शुरू होने से बड़ी राहत मिलेंगी।

### शीतल होटल के सामने से सुनील ट्रांसपोर्ट तक

# बारिश से पहले मिलने वाली है नई सड़क की सौगात

**टीएस लोहा मंडी क्षेत्र में सालों बाद शुरू होगा कई गलियों में एक साथ सीमेंटीकरण कार्य**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 63 में स्थित लोहा मंडी क्षेत्र में शीतल होटल के सामने से लेकर सुनील ट्रांसपोर्ट और आसपास की गलियों में बारिश से पहले समतलीकरण और सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का कार्य आने वाले दिनों में जल्द शुरू करने की तैयारी है ताकि बारिश में लोगों को परेशानी ना हो। इसको लेकर क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला और पार्षद मृदुल अग्रवाल के प्रयासों से क्षेत्र के व्यापारियों की मांग पर बारिश से पहले नई सड़क निर्माण को लेकर निगम ने अपनी ओर से सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य शुरू करने को लेकर तमाम तैयारी भी शुरू कर दी है।




### व्यापारियों एवं जनसहयोग से होगा सड़क नवनिर्माण कार्य

*बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगले माह में बेहद जल्द निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम की तैयारी है कि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले गर्मी में नई सड़क निर्माण और सुधार कार्य शुरू हो जाए, ताकि बारिश के दिनों में क्षेत्र के लोगों को कीचड़ और गंदगी से दो-चार न होना पड़े। जबकि वर्तमान में हालात यह है कि शीतल होटल से लेकर सुनील ट्रांसपोर्ट तक की सड़क के हालात बेहद ज्यादा खराब है जहां से वाहन चालकों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर क्षेत्र के व्यापारियों ने एक जुटता के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ मीटिंग कर जन सहयोग से लगभग 35 लाख के आसपास निगम सहयोग से सड़क निर्माण और सुधार कार्य शुरू करने को लेकर प्लानिंग की थी। जिस पर बारिश से पहले निगम का प्रयास है कि यहां सड़क निर्माण और सुधार कार्य जल्द से जल्द पूरा हो जाए।*

# राजीव यादव के नेतृत्व में हजारों युवा मशाल थामे निकले

**राजीव यादव ने फिर दिखाई अपनी ताकत**

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौड़)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव के नेतृत्व में 23 मार्च शहीद दिवस पर क्रांति मशाल यात्रा के 25 वे वर्ष में हजारों की संख्या में युवाओं ने सहभागिता दिखाई, 25 वर्ष से राजीव यादव उक्त मशाल यात्रा निकाल रहे है, शहर में सोमवार को राष्ट्रप्रेम का अद्भुत माहौल देखने को मिला, शहर के बस स्टेण्ड से शुरू होते हुए मुख्य मार्गो पर हाथों में मशाल लेकर हजारों युवाओं का समूह और उनके मुख से भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद के गूंजते नारों ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। आयोजन था प्रतिवर्ष की तरह 23 मार्च को शहीद दिवस पर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की स्मृति में निकलने वाली शहीद क्रांति मशाल यात्रा का। उक्त यात्रा 25 वर्ष से निकाली जा रही है करीब 2 से 3 किलोमीटर तक मशाल यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गो पर भ्रमण किया।



### शहीदों के प्रतीक बने, चूमा फंदा..

सोमवार की शाम धार के प्रमुख मार्गो पर युवाओं की मौजूदगी दिखाई दी। मशाल यात्रा के स्वागत के लिए अनेकों स्थानों पर स्वागत मंच से पुष्पवर्षा की गई। 23 मार्च की सुबह से ही शहर में देशभक्ति के गीत सुनाई दे रहे थे।मशाल यात्रा के प्रचार हेतु संचालित वाहन से मेरा रंग दे बसंती चोला के गीत ने राष्ट्र पर्व का माहौल बना दिया। रात्री साढ़े 8 बजे के दरम्यिान यात्रा नगर के बस स्टेण्ड से भारत माता की जय के घोष के साथ प्रारंभ हुई।शहर के अलग-अलग इलाकों से युवा हुजूम के रूप में डीजे के साथ यात्रा में सम्मिलित हुए। यात्रा के मद्देनजर शहर में अनेकों स्थानों पर केसरिया पताकाएं लगाई गई थी। मशाल यात्रा में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का प्रतीक बनकर युवाओं ने उनके हंसते-हंसते बलिदान देने का दृश्य जीवंत किया..

### प्रज्ज्वलित मशालों ने क्रांति का दौर याद दिलाया..

हजारों मशालों के प्रज्ज्वलित होने के बाद युवाओं का हुजूम जब सड़कों पर भारत माता के जयकारे लगाते हुए निकला तो आजादी की लड़ाई में युवा क्रांति का दौर जीवंत हो उठा।देशभक्ति के गीत, राष्ट्र प्रेम के नारे, युवाओं के हाथों में मशाल, केसरिया ध्वज, धार में राष्ट्र प्रेम का माहौल बना दिया। नन्हें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक यात्रा में शामिल थे।उक्त यात्रा शहर के बस स्टेण्ड से शुरू होकर पट्ठा चौपाटी, नालछा दरवाजा, पौ-चौपाटी, राजवाडा, आनंद चौपाटी, नृसिंह चौपाटी, धानमंडी चौराहा,उटावद दरवाजा, मोहन टॉकिज, घोड़ा चौपाटी होते हुए शहर के शहीद चौक पर यात्रा का समापन हुआ, इस यात्रा में शहीद सुखदेव, राजगुरु के वंशज भी शामिल हुए।

## संपादकीय

# कागजों में सुरक्षित, जमीन पर असुरक्षित; वन्यजीव संरक्षण की सच्चाई उजागर

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए देशभर में चिड़ियाघर और अभयारण्य बनाए गए हैं। मगर संरक्षित स्थलों पर भी सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त का अभाव कुछ वन्यजीवों की जान पर भारी पड़ रहा है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक पशु बचाव केंद्र में आवारा कुत्तों के हमले में पंद्रह हिरणों की मौत की घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरत की बात है कि हिरणों को शिकार से बचाने के लिए जिस सुरक्षित स्थल पर रखा गया है, वहां आवारा कुत्तों ने ही सेंध लगाकर हमला कर दिया। कहा जा रहा है कि कुत्तों का झुंड बाड़े को तोड़कर अंदर घुस गया। इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी होगी। दूसरे, इस घटना ने संबंधित पशु बचाव केंद्र में तैनात कर्मियों की लापरवाही को भी उजागर किया है। सवाल है कि आवारा कुते बाड़े को तोड़कर एक के बाद एक हिरण पर हमला करते रहे, तो वहां निगरानी का जिम्मा संभाले वनकर्मियों को इसकी भनक क्यों नहीं लग पाई। यह बात छिपी नहीं है कि विभिन्न राज्यों में कई जगह चिड़ियाघर और वन्यजीव संरक्षण केंद्र तो स्थापित कर दिए गए हैं, लेकिन वहां न तो पर्याप्त कर्मियों की तैनाती की गई है और न ही पुख्ता सुरक्षा उपाय किए गए हैं। बाड़ों के बाहर निगरानी के लिए सीसीटीवी और अन्य तकनीकी प्रबंधों का भी अभाव देखा जाता है। जंगली जानवरों के बाड़े से बाहर निकलकर खुले जंगल में गायब हो जाने की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि बाड़ों की सुरक्षा की नियमित निगरानी नहीं हो पाती है। छत्तीसगढ़ की घटना भी इसी व्यवस्थागत खामी और लापरवाही की वजह से हुई है। वन विभाग ने संबंधित डिप्टी रेंजर और तीन वन रक्षकों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या यह कार्रवाई काफी है? अक्सर यह देखा जाता है कि इस तरह की लापरवाही में निचले कर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई करके मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। ऐसे मामलों में जब तक उच्च अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# छेड़खानी का विरोध करने पर मनचले की अश्लील हरकत, साथियों के साथ घर पर किया हमला

## घर के बाहर किया हंगामा, गाड़ी के कांच फोड़े

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। बाणगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम भांगिया में एक युवती के साथ छेड़खानी और उसके घर पर हमले का मामला सामने आया है। आरोपी युवक युवती पर गंदी नजर रखता था और जब उसकी मां ने उसे समझाने की कोशिश की तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर के बाहर जमकर उत्पात मचाया। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 23 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम भांगिया निवासी राजेश पिता अम्बाराम सोलंकी आए दिन उसे बुरी नजर से देखता और गंदे इशारे करता था, जब पीड़िता की मां ने उसे समझाने की क़ोशिश की तो राजेश आगबबूला हो गया और वह अपने साथी गौतम यादव निवासी भांगिया और अश्विन मराठा निवासी तिल्लौर के साथ पीड़िता के घर के बाहर पहुँच गया और गाली-गलौच करने लगा। पीड़िता जब विरोध करने बाहर आई तो आरोपी राजेश ने सरेराह अश्लील हरकतें कीं और अनर्गल शब्द कहे। जब युवती ने इसका कड़ा विरोध किया तो राजेश के दोस्त गौतम और अश्विन ने गुस्से में आकर घर के बाहर खड़ी लोडिंग गाड़ी पर पथराव कर दिया जिससे गाड़ी के सामने का कांच फूट गया। हंगामा और तोड़फोड़ की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने पीड़िता और उसके परिवार को धमकी दी कि आइंदा अगर हमें कुछ बोला, तो तुझे और तेरे परिवार वालों को जान से मार देंगे।

# 2 लाख 85 हजार बकाया... पेट्रोल पम्प सील



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजस्व बकाया वसूली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बकाया राशि जमा नहीं करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल तहसील कनाडिया के ग्राम छिटकाना में स्थित एक रिलायंस पेट्रोल पंप को सील किया गया। संबंधित पेट्रोल पंप पर डायवर्शन टैक्स के रूप में 2 लाख 35 हजार रुपए की बकाया राशि लंबित थी। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं करने पर प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई।

# दूध में मिलावट करने वालों की खैर नहीं

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खाद्य विभाग द्वारा दूध एवं दूध के उत्पादकों में मिलावट को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।



विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों से 18 नमूने भी लिए। इस कार्रवाई के अंतर्गत जोशी दूध दही भंडार, संविद नगर से दूध के 4 नमूने, ओसवाल डेरी संविद नगर से दूध के 3 नमूने तथा गणेश दूध दही भंडार स्वामी विवेकानंद नगर से दूध के 3 नमूने लिए गए। वहीं पूजा डेरी वैभव नगर से दूध एवं मावा के 2 नमूने, सोनू राजा डेरी गुलजार कॉलोनी चौराहा से मिश्रित दूध का 1 नमूना, गीता डेरी आनंद बाजार से दूध, पनीर एवं दही के 3 नमूने तथा महावीर डेरी आनंद टावर से गाय के दूध का 01 नमूना जांच हेतु लिया गया। सुपर मिल्क प्रोडक्ट साकेत चौराहा से चोको हेज़लनट मिल्क का 1 नमूना लिया गया। इस प्रकार आज की कार्रवाई में कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए।

# कलेक्टर ने योजनाओं के लक्ष्य 31 मार्च तक पूरे करने के दिए निर्देश



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क़लेक्टर शिवम वर्मा ने हितग्राही एवं रोजगार मूलक योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कल कलेक्टर कार्यालय में शासकीय एवं बैंक अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिये कि 31 मार्च तक सभी निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने विभागों और बैंकों को समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों में अनावश्यक देरी न हो और स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना उचित कारण के किसी भी प्रकरण को निरस्त करना स्वीकार्य नहीं होगा। जिले में अच्छे कार्य करने वालों को प्रोत्साहन एवं कमजोर प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई क़रने के निर्देश दिए गए है।

# जनगणना के कार्य के लिए फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज से

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जनगणना 2027 के संचालन के लिए फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इंदौर जिले में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज से किया ज़ा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय होलकर साइंस कॉलेज में आयोजित होगा।

# वरिष्ठ नागरिकों ने जाने अपने अधिकार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कलेक्टर कार्यालय सभागृह में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के



अधिकारों की जानकारी देने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक गृहों के लिए निर्धारित न्यूनतम मानकों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम घनश्याम धनगर ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा, सम्मान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री ने शहीद दिवस पर की श्रद्धांजलि अर्पित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूत, अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान का राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा।वहीं स्वतंत्रता सेनानी हेमू कालानी की जयंती पर भी नमन किया।

# प्रदेश के 61 अभ्यर्थियों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संघ लोकसेवा आयोग परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रदेश के 61 अभ्यर्थियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि यूपीएससी परीक्षा में प्रदेश के विद्यार्थियों के सफल होने की संख्या लगातार बढ़ रही है जो हमारे लिए गौरव का विषय है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 140400 | 136800 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 221500 | 214600 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## राष्ट्रीय स्तर महिला/पुरुष सीनियर बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा 27 से 15 लाख होगी इंनमी राशि



इंदौर। राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मप्र की मेजबानी में 17वी राष्ट्रीय स्तर की बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 27 मार्च से प्रारंभ होगी। 27 -28 दिनांक को टीमो का आगमन व रजिस्ट्रेशन के प्रक्रिया होगी। रेजिस्ट्रेशन के दौरान सभी प्रतियोगी की वजह प्रक्रिया होगी।

29 मार्च को प्रातः 9 बजे से चैंपियनशिप बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में प्रारम्भ होगी । स्पर्धा में देशभर के टॉप महिला और पुरुष बॉडी बिल्डर चुनौती पेश करेंगे। अतिन तिवारी ने बताया कि यह मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी इनामी राशि वाली बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा है। इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के तत्वावधान में प्रत्येक भार वर्ग में विजेता बॉडी बिल्डर को 1.5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा व चैंपियन आफ चैम्पियंस को 3 लाख रुपए दिए जाएंगे।

स्पर्धा में भारतीय रेल, सर्विसेस, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, सीजीएसटी, इनकम टैक्स, डीओपीटी, मेजर पोर्ट, रेवेन्यू बोर्ड और सेंट्रल सिविल सर्विसेस के खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र होंगे। उनके साथ ही पद्मश्री,अर्जुन अवार्डी प्रेमचंद डिंगरा, अर्जुन अवॉर्डी टीवी पॉली और एस भास्करन भी मौजूद रहेंगे। स्पर्धा का पोस्टर विमोचन रोहित जेठवा सहित संगठन के अध्यक्ष जितेन्द्र कुशवाहा, चैयरमेन प्रेम सिंह यादव,संजय कराड़े ,समीर व्यास,दीपक ,प्रशांत व राजेश परमार आदि सदस्यों ने किया।

## केडेट एवं सबजूनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए मध्य प्रदेश की टीमें घोषित



इंदौर। गांधीधाम (गुजरात) में खेली जा रही यूटीटी 87वीं राष्ट्रीय केडेट एवं सबजूनियर टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए मध्यप्रदेश की टीमों की घोषणा कर दी गई है। मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन की चयन समिति के अध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकू आचार्य, तथा प्रमोद गंगराडे की समिति ने तीन राज्य रैंकिंग स्पर्धाओं तथा राज्य स्पर्धा में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाली टीमों का चयन किया।

चयनित टीमें इस प्रकार है - यूथ बालक वर्ग 11 - आरव कासठ, साकार भार्गव सभी इंदौर। यूथ बालक वर्ग 13 - साकार भार्गव, मृदुल पुरोहित, समर सैयद (तीनों इंदौर), विहान राजीव (भोपाल)। यूथ बालक वर्ग 15 - मृदुल जोशी, वंश चौहान, अर्थव सिंह, (तीनों इंदौर), हर्षित बघेल (भोपाल)। यूथ बालिका वर्ग 11 - अनिका माहेश्वरी (इंदौर), खुशी बघेल (भोपाल) यूथ बालिका वर्ग 13 - अनिका माहेश्वरी, जाकिया सुलतान, नेहल नाहर, आरवी जैन (सभी इन्दौर)। यूथ बालिका वर्ग 15 - अद्रिका अग्रवाल, आराध्या राजपूत, हिया पटेल, जाकिया सुलतान सभी इंदौर। राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाली टीमों को मध्य प्रदेश ओलिम्पिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, प्रमोद गंगराडे, नीलेश वेद, अमित कोटिया, गौरव पटेल द्वारा अभय प्रशाल में सादे समारोह में सम्मानित किया गया।

## भोजशाला में जिलाध्यक्ष नीलेश भारती ने 51 फीट की चुनरी चढ़ाई



धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजा भोज के द्वारा बनवाई धार की ऐतिहासिक भोजशाला जिसे माँ वाग्देवी का मंदिर माना जाता है, आज मंगलवार सत्याग्रह और चेत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ वाग्देवी को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चुनरी चढ़ाई गई, इस वर्ष यह चुनरी भाजपा जिलाध्यक्ष और मंहत नीलेश भारती ने 51 फीट की चुनरी माँ वाग्देवी को भोजशाला के गर्भ गृह में चढ़ाई, इस दौरान बड़ी संख्या में सत्याग्रही और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे, प्रमुख रूप से भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा,सुमित चौधरी, भाजपा नेता राकेश चौहान, सोनिया राठौड़ समेत सेकड़ो व्यक्ति मौजूद रहे।

## शराब पीने की शंका में पिता ने पाइप मारकर बेटे का सिर फोड़ा

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। बाणगंगा थाना क्षेत्र के गोविंद नगर खारचा में एक पिता द्वारा अपने ही बेटे पर हमला करने का मामला सामने आया है। शराब पीने की बात को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद इतना बढ़ा कि पिता ने लोहे के पाइप से वार कर बेटे को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल बेटे की शिकायत पर पिता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, गोविंद नगर खारचा निवासी मनीष पिता रामचंद्र प्रजापति ने अपने पिता के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मनीष ने बताया कि बीती रात करीब 8 बजे उसके पिता रामचंद्र प्रजापति ने उसे रोका और शराब पीने का आरोप लगाया, जब मनीष ने कहा कि उसने शराब नहीं पी है, तो पिता भड़क गए और गालियां देने लगे, जब मनीष ने पिता को अपशब्द बोलने से मना किया तो आरोपी रामचंद्र घर में रखा पाइप उठा लाया और सीधे मनीष के सिर पर बायीं आंख के ऊपर मार दिया। हमले में मनीष का सिर फट गया और खून निकलने लगा। शोर सुनकर मनीष की पत्नी संध्या प्रजापति बीच-बचाव करने दौड़ी, तब जाकर मामला शांत हुआ।मारपीट के बाद भी आरोपी पिता का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उसने घायल बेटे को धमकी देते हुए कहा कि अगर आज के बाद मेरी बात नहीं मानी, तो तुझे जान से खत्म कर दूँगा।

## भांजी के बाद घायल मामा ने भी तोड़ा दम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तिलक नगर थाना क्षेत्र में ईद के दिन हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिपलियाहाना चौराहे के पास हुए इस हादसे में 4 वर्षीय मासूम भांजी की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं अब उसके मामा ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस दोहरी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

बताते है कि विजय पैलेस निवासी सूफियान शाह पिता अमजद ईद के मौके पर अपनी माँ और 4 वर्षीय भांजी इकरा के साथ बाइक से रिश्तेदारों के घर मिलने जा रहे थे। सूफियान खुद बाइक चला रहा था। जैसे ही उनकी बाइक पिपलियाहाना चौराहे के समीप पहुँची, अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम इकरा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सूफियान को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ चले उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना में सूफियान की माँ भी घायल हुई हैं, जिनका उपचार अभी जारी है।

## राकेश जोशी खेलो इंडिया में तकनीकी अधिकारी

इंदौर। रायपुर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया खेलो ट्राइबल तैराकी खेल का आयोजन 24 से 28 मार्च तक आयोजित किया गया है इस ऐतिहासिक तैराकी प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष के तैराक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे । इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु भारतीय तैराकी संघ ने विभिन्न प्रदेशों से तकनीकी अधिकारियों का चयन किया है।

इस प्रतियोगिता मे न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के मुख्य तैराक प्रशिक्षक राकेश जोशी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जोशी पूर्व में भी खेलो इंडिया खेलो तथा राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश की ओर से तकनीकी अधिकारी नियुक्त हो चुके हैं। इस प्रतियोगिता हेतु 6 सदस्य तकनीकी अधिकारियों का चयन मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सचिव जय वर्मा द्वारा किया गया है। गणेश कुंटे भोपाल, प्रशांत पाल ग्वालियर, सिमोन पटेल जबलपुर सुधांशु जायसवाल, इंदौर तथा उज्जैन से सोमेश शर्मा चयनित किया गया है। समस्त तकनीकी अधिकारियों के चयन पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पीयूष शर्मा, जय वर्मा, योगेंद्र सिंह, राठौड़, गौरव द्विवेदी, प्रियंका मालवीय, रितेश गोयल सहित मध्य प्रदेश तैराकी संघ के सभी पदाधिकारी ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## एमपीसीए अंडर-15 गर्ल्स ओपन ट्रायल्स

इंदौर। एमपीसीए द्वारा अंडर-15 गर्ल्स हेतु जिनका जन्म 01.09.2011 से 31.08.2014 के मध्य हुआ हो खिलाड़ियों का चयन करने हेतु इंदौर संभाग क्रिकेट संगठन द्वारा 'ओपन ट्रायल' 25 एवं 26 मार्च जिमखाना ग्राउंड इंदौर पर आयोजित की गई है। खिलाड़ियों का चयन एमपीसीए द्वारा नियुक्त चयनकर्ता द्वारा किया जाएगा । वे खिलाड़ी जिनका जन्म 1.9.2011 के बाद और 31.8.2014 से पहले हुआ हो और जिन्होंने संभाग, जिला, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय, क्लब स्तर क्रिकेट खेला हैं वे इस चयन में भाग लेने के लिए 25 एवं 26 मार्च को जिमखाना मैदान पर सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सफेद क्रिकेट ड्रेस, क्रिकेट किट, टोपी, पानी की बोतल, नैपकिन आदि के साथ एवं अपने जन्मतिथि प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी के साथ उपस्थित रहें । चयन प्रक्रिया हेतु एमपीसीए कोई शुल्क नहीं लेगा एवं खिलाड़ियों के लिए कोई परिवहन, आवास, बोर्डिंग प्रदान नहीं करेगा । खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन केवल 25 मार्च को ही होंगे।


### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.16**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **दीपक जैन** द्वारा झोन क्र.16 राजस्व विभाग पर नामांतरण आवेदन क्र. दिनांक 22/03/2026 को रजिस्ट्री/वसीयतनामा/वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्ति खाता नं. 9000097531 पता 6ए मारवाडी अग्रवाल नगर अम्बिकापुरी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो नगर निगम इन्दौर झोन क्र.16 के राजस्व अधिकारी को मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

**नोट**-उपर्युक्त अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16 पल्हर नगर**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



### न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी, जिला इन्दौर
**प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक जी-9**

**क्र./2/22/रीडर/2026** **इन्दौर दिनांक 25/02/2026**
**प्रकरण क्रमांक----/अ-6/25-26**

**-उदघोषणा-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र वैश्य पिता पुरुषोत्तम वैश्य पता 119 गुमाश्ता नगर इन्दौर द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वसीयत पत्र क्रमांक A1/129 दिनांक 14/06/2004 के आधार पर मृतक हरिराम निखरा के स्थान पर राजस्व ग्राम भिचौली हप्सी स्थित भूमि सर्वे नम्बर 64 एवं 66/2 पैकी रकबा 0.10 एकड पैकि भाग क्रमांक 22 भूमि पर राजस्व रिकार्ड में नामांतरण किए जाने का निवेदन प्रस्तुत किया।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से 25/03/2026 तक तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील मिचौली हप्सी, इन्दौर**



### इन्दौर नगर पालिक निगम
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती नीलिमा पति श्री सुनील वैद्य** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001254310 पर आवेदन प्रस्तुत कर पता 316-1 लोकमान्य नगर 101 सौमित्र भवन पैकी इंदौर के नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# आईपीएल 2026 से पहले एसआरएच के लिए आई खुशखबरी

## इस गेंदबाज को बोर्ड से मिल गया फिटनेस क्लीयरेंस



**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद यानी एसआरएच को एक बड़ी खुशखबरी मिली है। कप्तान पैट कमिंस भले ही अभी उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन एक विदेशी गेंदबाज को अपने बोर्ड से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है। अब वह गेंदबाज भारत आकर आईपीएल 2026 में खेल सकता है। ये गेंदबाज कोई और नहीं, बल्कि श्रीलंका के पेसर ईशान मलिंगा हैं। कमिंस जब तक उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक ईशान मलिंगा प्लेइंग इलेवन का हिस्सा आराम से रह सकते हैं।

ईशान मलिंगा खतरनाक गेंदबाज हैं और वे पिछले सीजन 7 मैच खेल चुके हैं। इन सात मैचों में उन्होंने 13 विकेट निकालकर सभी को हैरान किया था। 1.2 करोड़ रुपये में मेगा ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने इस गेंदबाज को पिक किया था। ईशान मलिंगा अभी तक चोटों से जूझ रहे थे, लेकिन श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अब उनको फिटनेस क्लीयरेंस दे दिया है, जिससे वे आईपीएल में खेलने के लिए आ सकते हैं। हालांकि, कुछ और श्रीलंकाई खिलाड़ियों को अभी तक फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिल पाया है।

आईपीएल 2026 से पहले श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कुछ स्टैंडर्ड सेट किए थे, जिसमें टूर्नामेंट खेलने वाले खिलाड़ियों को पहले फिटनेस टेस्ट पास करना होगा, उसके बाद ही वे आईपीएल में खेल सकते हैं। इसी कड़ी में सभी आईपीएल बाउंड खिलाड़ी फिटनेस क्लीयरेंस के बाद ही भारत आ सकते हैं। ईशान मलिंगा आईपीएल खेलने के लिए फिट हैं, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी के पेसर नुवान तुषारा, कोलकाता नाइट राइडर्स के पेसर मथीशा पथिराना और स्पिनर वानिंदु हसरंगा पर अभी तक कोई अपडेट नहीं आया है।

विदेशी पेसर्स में सनराइजर्स हैदराबाद के पास यही दो नाम हैं। एक हैं कप्तान पैट कमिंस और दूसरे ईशान मलिंगा। पैट कमिंस चोट की वजह से पहले कुछ मैचों में उपलब्ध नहीं हैं, जबकि मलिंगा अब शुरुआत से ही प्लेइंग इलेवन में नजर आने वाले हैं। वे आईपीएल 2025 के आखिर में लगातार प्लेइंग इलेवन में दिखे थे और दमदार गेंदबाजी भी की थी। ऐसे में मैनेजमेंट को उनसे उसी प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सनराइजर्स हैदराबाद की गेंदबाजी काफी कमजोर नजर आती है।

# पिछले साल के टीम के शानदार प्रदर्शन से आत्मविश्वास लेना होगा : रिकी पोंटिंग



**मोहाली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल 2026 से पहले अपनी टीम के खिलाड़ियों को एक बड़ी सलाह दी है। पोंटिंग ने कहा है कि शारीरिक, तकनीकी और मानसिक रूप से आपको चुस्त रहना होगा, साथ ही साथ पिछले साल के टीम के शानदार प्रदर्शन से आत्मविश्वास लेने होगा। पंजाब किंग्स पिछले साल एक दशक बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची थी, लेकिन खिताबी मुकाबले में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी से शिकस्त का सामना करना पड़ा। इससे टीम का आईपीएल चैंपियन बनने का ख्वाब पूरा नहीं हो सका।

श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम ने जिस दबदबे वाली खेल शैली का प्रदर्शन किया था उसे जारी रखते हुए पंजाब किंग्स इस साल आईपीएल में सबसे मजबूत टीमों में से एक बन सकती है। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक मीडिया रिलीज में पोंटिंग के हवाले से कहा गया है, यह ट्रेनिंग है, यह तैयारी है। यह 31 तारीख को होने वाले पहले मैच के लिए खुद को शारीरिक, तकनीकी और मानसिक रूप से तैयार करने के बारे में है। पंजाब किंग्स 31 मार्च को मुल्लानपुर में सत्र के अपने पहले मैच में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी।

पोंटिंग ने कहा, मैं चाहता हूं कि आप पीछे मुड़कर देखें और सोचें कि आपने पिछले साल इस टीम में क्या योगदान दिया और उसी ने हमें एक अच्छी टीम बनाया। इस दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई कोच ने अपने खिलाड़ियों से कहा कि टीम की योजना पर टिके रहते हुए, अगर असफलता भी मिलती है, तो उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, हम सब गलतियां करते हैं। यह ठीक है। इस दौरान मुझसे भी गलतियां होंगी। आप सब भी गलतियां करेंगे, कैच छोड़ेंगे, खराब शॉट खेलेंगे, खराब ओवर फेंकेंगे, लेकिन जब तक आप अपने खेल की रणनीति पर कायम हैं, अगर आप कोई गलती करते हैं, तो मेरी नजर में वह गलती नहीं है। खेल में ऐसा होता रहता है, यह खेल का हिस्सा है।

# धमकी मिलने के बावजूद स्टीव स्मिथ पहुंचे पाकिस्तान



**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ धमकी मिलने के बावजूद पाकिस्तान पहुंच गए हैं। वह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में मुल्तान सुल्तांस की ओर से खेलेंगे। पीएसएल का 26 मार्च से आगाज होने जा रहा है। पाकिस्तान के सशस्त्र संगठन जमात-उल-अहरार ने हाल ही में स्मिथ, डेविड वॉर्नर और डेरिल मिचेल जैसे विदेशी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में हिस्सा न लेने की चेतावनी जारी की। संगठन ने कहा कि विदेशी खिलाड़ी तुरंत पीएसएल से अपने नाम वापस ले लें क्योंकि उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं। वहीं, स्मिथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में लाहौर एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों से घिरे हुए नजर आए।

मुल्तान सुल्तांस ने भी स्मिथ का वीडियो शेयर किया है। वीडियो में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने कहा, पाकिस्तान आ गया हूं। टूर्नामेंट में मुल्तान सुल्तांस की ओर से खेलने को लेकर उत्सुक हूं। जमात-उल-अहरार के एक कमांडर ने द संडे गार्डियन से कहा था, हम विदेशी क्रिकेट बोर्ड से कहना चाहते हैं कि वे अपने खिलाड़ियों को पाकिस्तान न भेजें। अगर उन्हें कुछ होता है तो हमारी जिम्मेदारी नहीं होगी। हमने पहले ही चेतावनी दे दी है। जब कमांडर से पूछा गया कि अगर प्लेयर्स ने चेतावनी को नजरअंदाज किया तो संगठन क्या करेगा? कमांडर ने कहा, हमारे बस में जो होगा करेंगे लेकिन हम मैच नहीं होने देंगे। हम पूरी कोशिश करेंगे कि टूर्नामेंट में रुकावट आए और खिलाड़ी मैदान पर न उतरें।

# बुमराह आईपीएल से पहले सीओई पहुंचे मुंबई इंडियंस की धड़कनें हुई तेज

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2026 से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) गए। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस (एमआई) का हिस्सा हैं। एमआई को 29 मार्च को अपना अभियान शुरू करना है।

धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मुंबई इंडियंस (एमआई) की धड़कनें बढ़ा दी हैं। वह आईपीएल 2026 से कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में पहुंचे। बुमराह के सीओई जाने से उनकी फिटनेस पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। एमआई ने इंडियन प्रीमियर लीग (एमआई) के 19वें सीजन की तैयारी के लिए एक हफ्ते पहले अपना कैंप शुरू कर दिया। हालांकि, बुमराह ने अभी तक कैंप ज्वाइन नहीं किया है। आईपीएल का 28 मार्च से आगाज होगा जबकि पांच बार की चैंपियन एमआई 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी।

आईपीएल शुरू होने में एक हफ्ते से भी कम समय बचा है और बुमराह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नजर आए।



हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई कि वह चोट से जुड़ी समस्या के लिए वहां गए या फिर रूटीन चेकअप के लिए। बुमराह आखिरी बार टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में खेले थे, जहां उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ कातिलाना गेंदबाजी करते हुए 15 रन देकर चार शिकार किए। वह खिताबी मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। बुमराह टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उन्होंने 9 मुकाबलों में 14 विकेट हासिल किए थे। पिछले हफ्ते मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने बताया था कि फ्रेंचाइजी से जुड़े वर्ल्ड कप विजेता चार भारतीय खिलाड़ियों को अतिरिक्त आराम दिया गया है। उन्होंने कहा, हर साल हमारा लक्ष्य आईपीएल ट्रॉफी जीतना होता है। लेकिन मुझे पता है कि यह लंबा सीजन है। इसलिए प्री-सीजन वैसे ही शुरू होगा जैसे हम आमतौर पर शुरू करते हैं। कड़ी मेहनत करेंगे। नए लड़कों सेटअप में आए हैं। आईपीएल का सत्र लंबा होता है, इसलिए हमने अपने विश्व कप खिलाड़ियों को थोड़ा अतिरिक्त ब्रेक दिया है। वे अगले सप्ताह टीम से जुड़ेंगे। विदेशी खिलाड़ी भी वापस आएंगे और शुरुआती मैच से पहले एक सप्ताह का अभ्यास करेंगे। एमआई का पेस कैंपेन काफी हद तक बुमराह के इर्द-गिर्द बना है और टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले उनके बारे में कोई भी अनिश्चितता ध्यान खींचेगी। उन्होंने पिछले सीजन में प्रभावी गेंदबाजी की थी। बुमराह ने आईपीएल 2025 में 12 मैचों में 18 विकेट झटके थे। वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में छटे पायदान पर हैं। उनके खाते में 145 आईपीएल मैचों में 183 विकेट हैं।

# जीतने की चाह में रूखा और सख्त न बने, गांगुली की गंभीर को सलाह

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर का काफी कम ही मौकों पर मुस्कुराते हुए देखा जाता है। वह हर परिस्थिति में काफी गंभीर रहते हैं। उनकी छवि भी काफी सख्त कोच की है। वह साफ और सीधी बात करते हैं। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष रह चुके सौरव गांगुली ने गंभीर को सलाह दी है कि वह जीतने की चाह में 'रूखे और सख्त' न बनें, क्योंकि वे असल में एक अच्छे इंसान हैं।



सौरव गांगुली ने कहा कि वह (गौतम गंभीर) टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता हैं। वह टी20 के शानदार कोच हैं। आप जानते हैं कि वह भले ही सख्त हो, लेकिन वह एक प्रतिस्पर्धी है। उसे रूखा या सख्त होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वह एक अच्छे इंसान हैं। मैंने उन्हें देखा है, मैं भारत के लिए उसके साथ खेला भी हूं, लेकिन वह एक प्रतिस्पर्धी है। वह जीतना चाहते हैं। वह अपनी टीम के बारे में सही बातें करते हैं। वह टीम का माहौल बनाने की कोशिश करते हैं, न कि किसी एक व्यक्ति का।

टेस्ट में अभी तक गौतम गंभीर की कोचिंग में भारत का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं है। टीम न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर में टेस्ट सीरीज क्लीन स्वीप हो गई। सौरव गांगुली ने कहा- वह टेस्ट मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और सबसे जरूरी बात यह है कि वह अच्छी पिचों पर खेलेगा। अगर वह कुछ अच्छी पिचों पर खेलते हैं, तो वह एक अच्छा टेस्ट मैच कोच भी साबित होंगे। भारत में ज्यादातर टर्निंग पिचों पर खेलते हैं। उन्होंने इंग्लैंड में अच्छी पिचों पर क्या किया, जहां उनका अपनी गेंद पर कोई कंट्रोल नहीं था। इसलिए, एक कोच के तौर पर उसे पिच वाली सोच को अपने सिस्टम से निकाल देना चाहिए।

# पशु आहार फैक्ट्री में भीषण आग

## लसूड़िया इलाके के कबाड़ की दुकान में भड़की चिंगारी हजारों का सामान खाक





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। शहर के देवगुराड़िया और लसूड़िया इलाके में बीती रात आगजनी की दो बड़ी घटनाएं सामने आईं। देवगुराड़िया स्थित एक पशु आहार फैक्ट्री में लगी भीषण आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड को करीब 5 घंटे का समय लगा, वहीं लसूड़िया में एक कबाड़ दुकान भी आग की चपेट में आ गई। राहत की बात यह रही कि दोनों ही हादसों में कोई जनहानि नहीं हुई है।**

फायर ब्रिगेड के अनुसार, बीती रात करीब सवा 11 बजे देवगुराड़िया मंदिर के पीछे स्थित पशु आहार फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद दो दमकल टीम मौके पर पहुँची। पक्के शेड में चल रही इस फैक्ट्री में आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि धुआं काफी दूर तक फैल गया था।फैक्ट्री खुशबू पति विनीत अग्रवाल निवासी बिचौली हप्सी की है।आग में भारी मात्रा में तैयार पशु आहार, मशीनें, डस्ट और अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया।फायर टीम ने सुबह 4 बजे तक करीब 45 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया। हादसे के समय फैक्ट्री में कोई मजदूर मौजूद नहीं था। दूसरी घटना रात करीब 12 बजे लसूड़िया थाने के पीछे स्थित एक स्क्रैप दुकान में हुई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और करीब 25 हजार लीटर पानी की मदद से आग को बुझाया।बताया जा रहा है कि आग पहले दुकान के बाहर रखे स्क्रैप में लगी थी, जिसकी चिंगारी दुकान के अंदर रखे कार्डबोर्ड तक पहुँच गई और पूरी दुकान को चपेट में ले लिया।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**इन्दौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हरियाणा के एक युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए युवती से दोस्ती की और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में पीड़िता की जाति को लेकर टिप्पणी करते हुए शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके पिता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**हरियाणा ले जाकर आठ दिन रखा साथ,जातिगत टिप्पणी कर मुकरा आरोपी**

पुलिस के मुताबिक, 26 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर साहिल पिता जसवीर लाठर और जसवीर लाठर दोनों निवासी जिंद सिटी, हरियाणा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी साहिल से उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। दोस्ती गहरी होने पर साहिल उससे मिलने इंदौर आया और शादी का वादा कर एक होटल के ले जाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए।आरोपी इसके बाद पीड़िता को अपने साथ हरियाणा के जिंद सिटी स्थित अपने घर ले गया। वहां उसे आठ दिनों तक रखा गया और शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया गया। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी का असली चेहरा सामने आ गया।पीड़िता का आरोप है कि साहिल ने उसे निचली जाति की होने का उलाहना देते हुए शादी करने से मना कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी के पिता जसवीर लाठर और उसके चाचा ने भी जातिगत भेदभाव करते हुए इस रिश्ते को ठुकरा दिया और पीड़िता को वहां से हटा दिया।





# ट्रेन से कटने से अज्ञात अधेड़ की मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज मंगलवार की सुबह एमआर-10 ब्रिज के समीप रेल पटरी पर एक अधेड़ की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। बताया गया कि इस मृतक की उम्र करीब 48 साल के आसपास है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस और आरपीएफ दोनों को जानकारी मिली तो वे घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना आज सुबह 9.30 बजे की बताई गई। ओवर नाइट एक्सप्रेस ट्रेन मांगलिया से होते हुए इंदौर आ रही थी तभी यह घटना घटी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस जैसे ही पहुंची वहां लोग भी पहुंच गए थे। मृतक की पहचान नहीं हुई है। मृतक ने लाल टी-शर्ट और काला पेंट पहनी थी, जिनके बाल सफेद है। घटना कैसे हुई इसकी भी जानकारी पुलिस जुटा रही है। ट्रेन से टकराने से घटना हुई या आत्महत्या की गई। इस पर भी पुलिस ने कोई खुलासा अभी नहीं किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# बिल्डर को धमकाने वाला लॉरेंस विश्नोई गैंग का शूटर मनीष जांगिड़ गिरफ्तार

**आज शाम इंदौर लाने के बाद होगी पूछताछ, कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद**

**इन्दौर। तुकोगंज क्षेत्र के चर्चित बिल्डर संजय जैन को लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर धमकी देने के मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने अशोकनगर गुना की जेल में बंद शूटर मनीष जांगिड़ को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी को आज शाम तक इंदौर लाया जा रहा है, जिससे पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।**

क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम सोमवार को गुना पहुँची थी। मनीष जांगिड़ वहां पहले से ही एक अन्य आपराधिक मामले में जेल में बंद था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बिल्डर संजय जैन को धमकी देने के पीछे जिस शूटर का हाथ था, वह किराए पर काम करता था और सीधे मनीष जांगिड़ के संपर्क में था। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मनीष जांगिड़ को जब अशोकनगर में एक धमकी के मामले में पकड़ा गया था, तब उसने कबूला था कि लॉरेंस गैंग ने उसे इंदौर में भी एक बड़ा 'टास्क' सौंपा है। पुलिस का मानना है कि मनीष का अगला टारगेट बिल्डर संजय जैन ही थे।बिल्डर संजय जैन को मिली धमकी के बाद से ही पुलिस अलर्ट पर थी। अब मनीष जांगिड़ को इंदौर लाकर यह पता लगाया जाएगा कि इस साजिश में और कौन-कौन शामिल है और लॉरेंस गैंग का नेटवर्क मालवा क्षेत्र में कितना फैला हुआ है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के बाद शहर के अन्य बिल्डरों को मिली धमकियों के मामलों में भी सुराग मिल सकते हैं।

# बेटी के प्रेम प्रसंग की बात करने गई महिला के साथ छेड़खानी, पति से मारपीट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित चितावद क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़खानी और उसके पति के साथ मारपीट की गई। पीड़िता अपनी बेटी के प्रेम प्रसंग के संबंध में युवक के घर बात करने पहुँची थी, तभी वहां मौजूद युवक के दोस्त ने अभद्रता शुरू कर दी। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, 32 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी बेटी का चितावद निवासी गुरु उर्फ अन्नू से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी विषय पर चर्चा करने के लिए रविवार रात करीब 9:30 बजे वह अपने पति कुलदीप के साथ गुरु के घर गई थी। जब पीड़िता गुरु से बातचीत कर रही थी, तभी गुरु का दोस्त मुन्ना हार्डिया वहां आ पहुँचा। आरोप है कि मुन्ना हार्डिया ने पीड़िता को बुरी नीयत से छुआ और अभद्रता की। जब महिला ने शोर मचाया और अपने पति को मदद के लिए आवाज लगाई, तो आरोपी मुन्ना ने अपने भाई मेहुल हार्डिया को भी वहां बुला लिया। इसके बाद मुन्ना और मेहुल दोनों ने मिलकर पीड़िता के पति कुलदीप के साथ हाथ और मुक्कों से जमकर मारपीट की। हंगामे की आवाज सुन आसपास के लोग जमा होने लगे जिन्हें देख आरोपी मौके से भाग निकले।

# दूसरी मंजिल से लगाई छलांग, युवक की हालत नाजुक

## युवक और युवती के बीच अनबन के बाद उठाया कदम



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र स्थित सिंधी कॉलोनी में बीती शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि युवक अपनी महिला मित्र से मिलने पहुँचा था, जहाँ दोनों के बीच हुए विवाद के बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने घायल को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है, जहाँ वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

पुलिस के मुताबिक, घटना सिंधी कॉलोनी की गली नंबर 4 की है। यहाँ एक मकान में निजी अस्पताल में कार्यरत एक युवती किराए से रहती है। सोमवार को उसका परिचित युवक उससे मिलने पहुँचा था। चश्मदीदों और पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार, युवक नशे की हालत में था और कमरे के अंदर दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस और विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने तैश में आकर कमरे की खिड़की या बालकनी से नीचे छलांग लगा दी। वह मकान के पिछले हिस्से में जा गिरा, जिससे उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। गिरने की आवाज़ और शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए, जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जूनी इंदौर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और लहूलुहान युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के मुताबिक युवक की हालत फिलहाल बेहद नाजुक बनी हुई है। पुलिस अब इस मामले की तह तक जाने के लिए संबंधित युवती और मकान में रहने वाले अन्य लोगों के बयान दर्ज कर रही है।

### क़ार से पहुंचाया अस्पताल

बताया जा रहा है कि घटना के बाद क्षेत्रीय रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद जूनी इन्दौर घटनास्थल पहुंची। इधर जब एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो रहवासी युवक को उठाकर कार में अस्पताल ले गए।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।